MADHYA PRADESH ROAD DEVELOPMENT CORPORATION, LTD
(GOVT OF M.P. UNDERTAKING)
**CIN: U45203MP2004SGC016758**
**Darbar Singh Gohel, Silver Hills Colony, Opp Maharana Pratap Statue**
**Indore Road, Dhar (MP) 454001 Tel 07292-297062 Email : dmindore2@gmail.com**

पत्र क्र.107/एम.पी.आर.डी.सी/धार/ए.डी.बी /2022, धार/दिनांक 18/04/2022
प्रति,

**वन मंडलाधिकारी**
वनमंडल अलीराजपुर
(म.प्र.)

**विषयः—एडीबी—6 योजना अंतर्गत भाभरा—उदयगढ़ मार्ग (पैकेज—01) हेतु वन भूमि प्रकरणों के लिये ऑनलाईन प्रस्ताव के संबंध में।**

**संदर्भः—**

1. आपका पत्र क्र. मा.चि./2022/978, अलीराजपुर दिनांक 18/04/2022
2. संभागीय प्रबंधक, म.प्र.सड़क विकास निगम, धार का पत्र क्र. 2821, दिनांक 28/03/2022

उपरोक्त संदर्भित पत्रों का अवलोकन करे। म.प्र.सड़क विकास निगम द्वारा मध्यप्रदेश के कुछ राज्य राजमार्गों एवं मुख्य जिला मार्गों के सुद्धढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण के लिये एशियन विकास बैंक (ADB) से ऋण लिया गया है। जिसमें एडीबी—6 योजना अंतर्गत भाभरा—उदयगढ़ मार्ग (पैकेज—01) शामिल है। भाभरा—उदयगढ़ मार्ग में वन भूमि में कार्य करने के लिये ऑनलाईन आवेदन लगाया गया है। जिसमें सड़क मार्ग में आने वाले वन क्षेत्र में कार्य करने के लिये कुंल 2.775 हेक्टेयर वन भूमि प्रभावित हो रही है। जिसके लिये दिनांक 23/07/2021 में वन विभाग के PARIVESH Portal पर 2.775 हेक्टेयर वन भूमि व्यपवर्तन का प्रस्ताव लगाया गया था। जिसमें वन भूमि के बदले गैर वन भूमि (राजस्व भूमि) कलेक्टर जिला धार के आदेश क्र. 01, दिनांक 03/01/2022 के द्वारा ग्राम मोयाखेड़ा, तहसील सरदारपुर में स्थित खसरा न. 553/1 में 5.145 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई है। उक्त सड़क मार्ग भाभरा—उदयगढ़ में 2.775 हेक्टेयर भूमि पर ही कार्य करने की आवश्यकता है। जिसके लिये प्रस्ताव लगाया गया है एवं अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता नही है।

अतः इस संबंध में अनुरोध है कि भाभरा—उदयगढ़ सड़क मार्ग में 2.775 हेक्टेयर के प्रस्ताव पर अनुमति प्रदान करने के लिये प्रस्ताव पर अग्रिम कार्यवाही करने का कष्ट करेंगे।

D Patidar
for **संभागीय प्रबंधक**
म.प्र.सड़क विकास निगम
धार (म.प्र.)

पृ0 क्र.108/एम.पी.आर.डी.सी/धार/ए.डी.बी /2022, धार/दिनांक 18/04/2022
प्रतिलिपिः—

1. प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष भू—प्रबंध) सतपुड़ा भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन वन संरक्षक इन्दौर वृत्त इन्दौर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

**संभागीय प्रबंधक**
म.प्र.सड़क विकास निगम
धार (म.प्र.)